न्यायालय जिला कलेक्टर, कोटा

पीठासीन अधिकारी : ओम कसेरा, आई0ए0एस0

प्रकरण संख्या –49/2016 (आव.व.अधि)

राज्य सरकार जरिये अमित शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक, कोटा

–प्रार्थी

बनाम

श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री जयंती प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष नगर, हनुमान मंदिर के पास, कोटा ।

मै0 वैष्णवी फास्ट फूड नार्कोटिक्स रोड महावीरनगर–I

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 6 ए

आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955

निर्णय

दिनांक– 19.11.2019

1. संक्षेप में प्रकरण इस प्रकार है कि अमित शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक कार्यालय जिला रसद अधिकारी, कोटा द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6–ए के तहत इस आशय का प्रार्थना पत्र पेश किया गया है कि दिनांक 09.03.2016 को अवैध घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यावसायिक की रोकथाम हेतु गठित जांच दल (श्री अशोक सांगवा–जिला रसद अधिकारी एवं श्री हितेश जोशी, प्रवर्तन अधिकारी, श्री अमित शर्मा– प्रवर्तन निरीक्षक व श्री विनोद शर्मा प्रवर्तन निरीक्षक) के द्वारा महावीर नगर स्थित मैसर्स वैष्णवी फास्ट फूड, नार्कोटिक्स रोड, महावीर नगर–I, कोटा की आकस्मिक जांच की गई । वक्त मौका दुकान पर मौजूद श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री जयंती प्रसाद शर्मा उपस्थित मिल जिन्होंने स्वयं को दुकान का कार्यकर्ता होना जाहिर किया । श्री विवेक शर्मा की उपस्थिति में दुकान की जांच की गई । जांच के दौरान घरेलू गैस का सिलेण्डर का उपयोग ग्राहकों के लिए फास्टफूड बनाकर कीमतन बिकी की जा रही थी । रेस्टोरेन्ट परिसर में तलाशी के दौरान पाये गये 1 घरेलू गैस सिलेण्डर को वजह सबूत जरिये फर्द जब्ती मौके पर ही जब्त किया गया, जिनका विवरण फर्द जब्ती में किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार निम्न है–

S.N.	S.R.No.	Co.	T.W.	G.W	N.W. Gas
1-	790036	IOC	15.1 Kg	26.0 Kg	10-9 Kg

उक्त जब्तशुदा 1 घरेलू गैस सिलेण्डर को मौके पर ही मैसर्स श्री गैस एजेन्सी कोटा के कर्मचारी श्री नन्द सिंह पुत्र दशरथ सिंह को सुपुर्दगी में दिये गये । सुपुर्दगीनामा अलग से तैयार किया गया । इस प्रकार श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री जयंती प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष नगर, हनुमान मंदिर के पास, कोटा, मैसर्स वैष्णवी फास्ट फूड, नार्कोटिक्स रोड, महावीर नगर–I, कोटा द्वारा अनुदानित घरेलू गैस सिलेण्डर्स का अवैध रूप से व्यावसायिक दुरूपयोग कर द्रवित पेट्रोलियम

Scanned by CamScanner

(प्रदाय का विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के खण्ड 3 (बी), 4(1) (ए), 6 व 7 का स्पष्ट उल्लंघन किया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है ।

अतः उक्तानुसार अधिग्रहित कुल 01 घरेलू गैस सिलेण्डर्स मय उनमें भण्डारित एल.पी.जी. को राजसात करने के आदेश फरमावें । साथ ही जप्तशुदा गैस सिलेण्डर्स से एल.पी.जी.लीक हो सकने के कारण गैस सिलेण्डर्स का अन्तरिम निस्तारण के आदेश प्रदान करने का कष्ट करें ।

2. प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 बी के अधीन नोटिस जारी किया गया । नोटिस अदम तामिल प्राप्त । तामिली रिपोर्ट में थानाधिकारी जवाहर नगर द्वारा रिपोर्ट अंकित की है कि नोटिस में दिये पते पर मालूमात की तो बताया वैष्णवी फास्ट फूड नाम की कोई दुकान नहीं है ना ही विवेक शर्मा पुत्र जयंती प्रसाद शर्मा को कोई नहीं जानता है । इस प्रकार निर्धारित पते पर अप्रार्थी के नहीं मिलने से प्रकरण के निस्तारण हेतु अप्रार्थी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है । पेरोकार रसद की एकपक्षीय बहस सुनी गई ।
3. हमने पत्रावली का अवलोकन किया दिनांक 09.03.2016 को अवैध घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम हेतु गठित जांच दल के द्वारा तलवण्डी स्थित मैसर्स वैष्णवी फास्ट फूड दुकान में मौजूद कार्यकर्ता श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री जयंती प्रसाद शर्मा उपस्थित मिले जिन्होंने स्वयं को दुकान का कार्यकर्ता होना जाहिर किया । श्री विवेक की उपस्थिति में दुकान की जांच की गई । जांच के दौरान 01 घरेलू गैस का सिलेण्डर का उपयोग ग्राहकों के लिए फास्टफूड बनाकर कीमतन बिक्री किया जाने पर राजहित में जब्त किये गये ।
4. इस प्रकार श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री जयंती प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष नगर, हनुमान मंदिर के पास कोटा, मैसर्स वैष्णवी फास्ट फूड नार्कोटिक्स रोड, महावीर नगर–I, कोटा द्वारा अनुदानित घरेलू गैस सिलेण्डर्स का अवैध रूप से संग्रहण कर द्रवित पेट्रोलियम (प्रदाय का विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के खण्ड 3 (1), (ए),(बी) का स्पष्ट उल्लंघन किया है।
5. अतः आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए के तहत सीज्ड माल 01 (एक) घरेलू गैस सिलेण्डर को राजसात (Confiscation) किया जाता है। जिला रसद अधिकारी कोटा को आदेश की प्रति पालनार्थ भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद तामील तकमील पत्रावली दाखिल दफ्तर की जावे।
6. निर्णय आज दिनांक 19.11.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(ओम कसेरा)
जिला कलेक्टर, कोटा

Scanned by CamScanner